Hindi Murli Quiz 13-08-2015

.

Q.1) **Q. कृपया निम्नलिखित रिक्त स्थान भरें –**
"कहाँ जन्म-मरण रहित शिवबाबा, कहाँ पूरे ------ जन्म लेने वाला कृष्ण। उनके ही अन्तिम जन्म में बाप आकर प्रवेश करते हैं। कितना क्लीयर है।"

Q.2) **Q.निम्नलिखित वाक्य समूह सत्य है या असत्य है ? चयन करें ---**
"तुम जानते हो विश्व में शान्ति तो महाभारत लड़ाई के बाद ही होती है। लेकिन उसके लिए तुम्हें पहले से ही तैयार होना है। अपनी कर्मातीत अवस्था बनाने की मेहनत करनी है। सृष्टि के आदि-मध्य-अन्त का ज्ञान सिमरण कर बाप की याद से सम्पूर्ण पावन बनना है तब इस सृष्टि का परिवर्तन होगा।"

A. सत्य
B. असत्य

Q.3) **Q. इस मैचिंग एक्सरसाइज में सबसे उपयुक्त शब्द का चयन कर रिक्त स्थान भरें -—**

	Choice		Match
A	कहा जाता है कलियुग में सब अज्ञान की आसुरी नींद में सोये हुए --------हैं।	1	पावन।
B	बाप ही तो राजाई देंगे। .----------तो राजाई दे न सकें।	2	कुम्भकरण।
C	मनुष्य, मनुष्य को ---------बना न सके। पतित-------एक ही बाप है।	3	बच्चों।
D	लड़ाई तो कोई भी समय लग सकती है। सिर्फ तुम-------की ही देरी है।	4	iiमनुष्य।
E	तुम समझा सकते हो कि विश्व में -------तो सतयुग में ही होती है,यहाँ जरूर अशान्ति रहेगी।	5	शान्ति।

Q.4) **Q. "बाप बच्चों से बात करते हैं। बच्चों को ही बाप सुधारेंगे ना। सारी दुनिया को कैसे सुधारेंगे। बाहर वालों को कहेंगे बच्चों से समझो। बाप बाहर वालों से बात नहीं कर सकते। बाप को बच्चे ही प्यारे लगते हैं। लौकिक बाप भी सपूत बच्चों को ही धन देते हैं। बाप भी कहते हैं जो मेरे बनते हैं, उन्हों को ही मैं वर्सा देता हूँ। जो मेरे नहीं बनते हैं, वह श्रीमत पर चल नहीं सकेंगे। वह हैं भगत।"**

A. True
B. False

Q.5) **Q. केवल सही वाक्य ही चयन करें –----**

A. मनुष्य दान करते हैं तो श्री राधे अर्पणम् कभी नहीं कहेंगे। ईश्वर या कृष्ण अर्पणम् कहते हैं।
B. सतयुग में सनातन देवी-देवता धर्म था। वो लोग कहते वहाँ भी कंस, जरासन्धी आदि असुर थे, त्रेता में रावण था।

C. श्री नारायण के फिर भी 84 जन्मों में से कुछ दिन कम कहेंगे ना। कृष्ण के पूरे 84 जन्म होते हैं।
D. शेरणी के दूध के लिए लोहे का बर्तन चाहिए। इस ज्ञान के लिए भी लोहे का बर्तन चाहिए। तब धारणा हो।
E. जैसे बाप सर्वशक्तिमान् है वैसे माया भी सर्वशक्तिमान् है। आधाकल्प रावण का राज्य चलता है।

Q.6) **Q. शब्दों / वाक्यों को उनके अर्थ अनुसार ही मिलाएं ---**

	Choice		Match
A	शास्त्रों में पाण्डव और कौरवों की लड़ाई, जुआ आदि बैठ दिखाये हैं।	1	युद्ध के मैदान में गीता पाठशाला होती है क्या?
B	राजयोग की पढ़ाई ऐसी होती है क्या?	2	उनको तो कोई प्राप्ति नहीं तो कैसे रहेंगे, हमें तो विश्व की बादशाही मिलती है।
C	सन्यासी तो कहते हैं-दोनों इकट्ठे रह पवित्र नहीं रह सकते।	3	यहाँ तो देखो कितने मिनिस्टर्स हैं।
D	सतयुग में वजीर तो होते नहीं क्योंकि राजाओं को राय की दरकार नहीं,	4	3 हजार वर्ष फिर कोई लड़ाई नहीं होगी। जेल, कोर्ट आदि कुछ नहीं होगा।
E	बाप सभी झंझटों से छुड़ा देते हैं।	5	ऐसी बात हो कैसे सकती।

Q.7) **Q. "मौत सिर पर खड़ा है। याद की यात्रा से ---------बनना है। तुम ही मैसेन्जर्स हो जो सबको बाप का मैसेज देते हो कि मनमनाभव।"**

निम्नलिखित विकल्पों में से एक सबसे सटीक शब्द से उपरोक्त रिक्त स्थान भरें ---

A. विकर्माजीत
B. पावन
C. पुण्यात्मा
D. सतोप्रधान
E. मायाजीत

Q.8) **Q. आज की धारणा को ध्यान में रखकर केवल सही वाक्य ही चयन करें ---**

A. ज्ञान की धारणा करने के लिए पवित्र बन बुद्धि रूपी बर्तन को स्वच्छ बनाना है।

B. सिर्फ कुक्कड़ ज्ञानी नहीं बनना है।

C. डायरेक्ट बाप के आगे अपना सब कुछ अर्पण कर श्रीमत पर चलकर 21 जन्मों के लिए राजाई पद लेना है।

D. गरीबों को महादानी बनकर धन का दान करना है।

Q.9) **Q. "मधुरता ऐसी विशेष धारणा है जो कड़वी धरनी को भी मधुर बना देती है। दो घड़ी की मीठी दृष्टि व मीठे बोल से किसी भी आत्मा को सदा के लिए भरपूर कर देंगे, उस आत्मा की सृष्टि बदल देंगे। आपके दो मधुर बोल भी सदा के लिए उन्हें बदलने के निमित्त बन जायेंगे इसलिए सदा मीठा रहना और सर्व को मीठा बनाना।"**

A. True

B. False

Q.10) **Q. "हर परिस्थिति में ----------रहो तो राजयुक्त बन जायेंगे।"**

निम्नलिखित विकल्पों में से एक सबसे सटीक शब्द से उपरोक्त रिक्त स्थान भरें ---

A. राजी

B. खुश

C. उमंग

D. संतुष्ट